onTimes OF INDIA
masalamix

आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स सभी विषयों में खूब मिले नंबर p2

छा गए

2वीं में ओवरऑल रिज़ल्ट 90.26 तो 10वीं में 92.16 प्रतिशत नतीजा रहा

पछाड़ा, नहीं जारी की गई मेरिट लिस्ट

विदेश में पढ़ना चाहती हैं सना शेख और विहान कर रहे हैं इंजीनियरिंग की तैयारी



सना(बाएं) ने 12वीं में जिले में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं

सेक्टर-45 स्थित डीपीएस स्कूल की छात्रा सना शेख ने 12वीं क्लास में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के साथ 12वीं में ओवरऑल जिले में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

99.4 %

वह अब आगे साइकोलॉजी में आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं। जिसे लेकर कनाडा या फिर अन्य किसी देश कॉलेज से वह आगे की पढ़ाई करेंगी। उन्होंने बिना ट्यूशन के ही अपनी पढ़ाई की और यह अंक प्राप्त किए। उनके पिता एजाज शेख और तुलिका गांगुली दोनों ही इंश्योरेंस प्रोफेशनल हैं। लेकिन सना कुछ अलग करते हुए साइकोलॉजी में रिसर्च करना चाहती हैं। वो बताती हैं कि लोग लगातार मानसिक बीमारियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में वो उनकी मदद करना हैं। ऐसे में एक अच्छे कॉलेज से पढ़ाई करके वो इस क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। सना को लिखने का भी काफी शौक है।

10वीं में विहान ने 99.8% अंक के साथ हुए खुश

डीपीएस सेक्टर-45 के छात्र विहान खुराना ने 99.8 फीसदी अंक लेकर 10वीं में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 11वीं कक्षा में अब साइंस नॉन मेडिकल की पढ़ाई करेंगे और वर्तमान में जेईई की पढ़ाई कर रहे हैं। विहान ने स्कूल के साथ ही घर पर स्वयं पढ़ाई करके यह सफलता प्राप्त की है। अंग्रेजी में 100, गणित में 100, साइंस में 100 सोशल स्टडीज में 99 व स्पेनिश में 99 अंक प्राप्त किए हैं।

99.8 %

परिवार संग विहान खुराना

इंजीनियरिंग फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं अर्नव

सेक्टर-46 स्थित एमिटी इंटरनैशनल स्कूल के स्टूडेंट अर्नव जैन ने जिले में 10वीं कक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने 3 विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करते हुए ओवर ऑल 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मैथ्स, साइंस और एआई में 100 अंक तो वहीं इंग्लिश, साइंस और एसएसटी में 99 अंक प्राप्त किए हैं। अर्नव के पिता पदम जैन आईटी सर्विस में कार्यरत हैं तो वहीं मां प्रीति हाउस मेकर हैं।

अर्नव

99.6 %